## कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

# ⚠️ आवश्यक सूचना / NOTICE ⚠️

### विद्यालय परिसर में बालक एवं कार्मिक सुरक्षा व निजता संरक्षण संबंधी दिशा-निर्देश

**1. प्रवेश पूर्व अनुमति अनिवार्य**
संस्था प्रधान की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी बाहरी व्यक्ति का विद्यालय परिसर में प्रवेश पूर्णतः वर्जित है।

**2. विजिटर रजिस्टर में प्रविष्टि**
परिसर में प्रवेश करने से पूर्व प्रत्येक आगंतुक (Visitor) को प्रवेश रजिस्टर में अपना विवरण दर्ज करना अनिवार्य है।

**3. प्रतिबंधित क्षेत्रों में रोक**
प्रधानाचार्य/अधिकृत शिक्षक के बिना कक्षा-कक्ष, लैब, पुस्तकालय, शौचालय, छात्रावास व खेल मैदान में प्रवेश प्रतिबंधित है।

**4. फोटो / वीडियोग्राफी पूर्णतः वर्जित**
बिना पूर्व लिखित अनुमति विद्यार्थियों/शिक्षकों की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, साक्षात्कार या सोशल मीडिया लाइव स्ट्रीमिंग सख्त मना है।

**5. डेटा व व्यक्तिगत पहचान सुरक्षा**
विद्यार्थियों के फोटो, वीडियो अथवा व्यक्तिगत जानकारी का संग्रह, प्रकाशन या प्रसारण जिससे निजता व सुरक्षा भंग हो, वर्जित है।

**6. प्रवेश अस्वीकार्यता का अधिकार**
जिस व्यक्ति की उपस्थिति से विद्यालय की सुरक्षा, अनुशासन या शैक्षणिक माहौल प्रभावित होने की आशंका हो, उसे रोका जा सकता है।

### 🚨 विधिक चेतावनी एवं दंडात्मक कार्रवाई 🚨

बिना अनुमति प्रवेश, परिसर खाली करने से मना करने, अनाधिकृत वीडियोग्राफी करने अथवा विद्यालय कार्य में बाधा डालने पर **तत्काल स्थानीय पुलिस** को सूचित किया जाएगा और निम्नांकित अधिनियमों के तहत कठोर दंडात्मक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी:

**✓ भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023 | ✓ पोक्सो (POCSO) एक्ट, 2012 | ✓ जे.जे. (JJ) एक्ट, 2015 | ✓ आई.टी. (IT) एक्ट, 2000**

**आज्ञानुसार,**
**प्रधानाचार्य / संस्था प्रधान**
**राजकीय विद्यालय**

**आदेश संदर्भ:** शिविरा/माध्य/मा-स/22444/विविध/वोस-2(26-क)/2026
**RajKaj Ref No.:** 24063903 | सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदत्त